इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक देखेंगे सेमेस्टर परीक्षा के केंद्र अधीक्षक की जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध सभी राजकीय, विवि कैंपस, सहायता प्राप्त और स्ववित्तपोषित इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक/ प्राचार्य सेमेस्टर परीक्षा के केंद्र अधीक्षक की जिम्मेदारी देखेंगे। संस्थान का मुखिया इस जिम्मेदारी को किसी अन्य को नहीं सौंपेगा। मंगलवार से यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षा शुरू हो गई है।

यूटीयू प्रशासन ने परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिनका पालन नहीं करने वाले संस्थानों पर परीक्षा के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल ने सभी प्राचार्य व

- संस्थान का मुखिया जिम्मेदारी को किसी अन्य को नहीं सौंपेगा
- यूटीयू की पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी

यूटीयू से संबद्ध सभी संस्थानों को विवि की सेमेस्टर परीक्षा को गंभीरता से लेना होगा। जो नियम और प्राविधान किए गए हैं, उनका शत प्रतिशत पालन करना होगा।

– **प्रो. ओंकार सिंह**, कुलपति यूटीयू

निदेशकों को निर्देशित किया कि पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम (यूएमएस) पर प्रत्येक पाली की परीक्षाओं का विवरण अपलोड करना होगा। सभी प्रश्न पत्रों का डिजिटल प्रेषण किया जाएगा।

कुलपति की ओर से परीक्षा केंद्र अधीक्षक के दायित्व का निर्वहन की अनुमति केवल प्राचार्य या निदेशक को दी गई है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि क्योंकि परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों की गोपनीय व डिजिटल प्रेषण के लिए संस्थान के प्राचार्य या निदेशक के यूटीयू में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ही पासवर्ड व अन्य निर्देश प्रेषित किए जाते हैं। संस्थान के निदेशक को यूटीयू की परीक्षा निर्विाद रूप से संचालित करने के लिए निकट के पुलिस थाने में भी इसकी सूचना देनी होगी।